an>

Title: Need to augment and improve railway facilities providing better railway connectivity in Baghpat Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : शाहदरा-सहारनपुर रेलवे लाइन 1907 से 1970 तक छोटी लाइन के रूप में कार्यरत रही एवं 1970 में इसे बड़ी लाइन (ब्रॉड गेज) में परिवर्तित किया गया एवं तब से आज तक इस लाइन पर मात्र 7 लोकर एवं 1 एक्सप्रेस गाड़ियाँ चलती है, जिनकी स्पीड 23 कि.मी./घंटा से लेकर अधिकतम 38 कि.मी./घंटा है । आजादी के 66 वर्षों के बाद भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के महत्वपूर्ण कस्बों (खेकड़ा, बागपत, बड़ौत) जो कि दिल्ली से मात्र 20 से 50 कि0मी0 की दूरी पर हैं वहाँ से रेल के द्वारा दिल्ली आने में डेढ़ से दो घंटे का समय लगता है जो चिंता का विषय है । मेरे संसदीय क्षेत्र बागपत से जुड़ी आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं को निम्न प्रकार उल्लेखित कर रहा हूँ -

1. अत्यधिक भीड़ के कारण जगह उपलब्ध न होने से क्षमता से 3-4 गुना ज्यादा यात्री डिब्बों में, रेल की छतों पर एवं दुर्भाग्य से शौचालयों में यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों की सुरक्षा हेतु अतिरिक्त डिब्बे वर्तमान में संचालित सभी रेल गाड़ियों में लगाए जाएं ।

2. दिल्ली सहारनपुर रेलवे लाइन का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण किया जाए क्योंकि उक्त प्रस्ताव का सर्वे एवं साध्यता रेलवे विभाग कर चुका है ।

3. दिल्ली-सहारनपुर के बीच फास्ट ट्रेन का संचालन किया जाए एवं देहरादून जाने वाली किसी एक शताब्दी को बड़ौत-शामली-सहारनपुर से गुजारा जाए ।

4. बड़ौत से शहदरा एवं मोदीनगर से गाजियाबाद को मैट्रो के माध्यम से जोड़ा जाए ।

5. बड़ौत , बागपत, खेकड़ा एवं मोदीनगर रेलवे स्टेशनों का उत्तीकरण किया जाए एवं मूलभूत सुविधाएं जैसे प्रतीक्षालय, शौचालय, जलपानगृह एवं महिलाओं के लिए अलग से प्रतीक्षालय की व्यवस्था की जाए।

6. किसानों के द्वारा उत्पादित फल, सब्जियाँ एवं दुग्ध उत्पादों के वितरण हेतु रेफ्रीजरेटड मालगाड़ी की व्यवस्था की जाए। इससे किसानों एवं उपभोक्ताओं दोनों को लाभ होगा ।

7. क्षेत्र में लोहे से जुड़े कारीगरों की उपलब्धता को देखते हुए किसी छोटे रेल कल कारखाने को खोला जाए ।

8. किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मानव रहित फाटकों पर उचित सुरक्षा प्रबंध किए जाएं ।

9. राजधानी दिल्ली से लगभग लगे हुए इस राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन.सी.आर.) में रेलवे को अधिक से अधिक सुविधाएं देकर, लोगों को राहत दी जाये।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र की उपरोक्त समस्याओं के समाधान हेतु आप कोई न कोई प्रावधान इस वर्ष के बजट में अवश्य करेंगे ।